क्षेत्रीय समाचार
आकाशवाणीः देहरादून
शनिवार– 07.10.2023
समय 18:30

मुख्य समाचार :–

- गृहमंत्री अमित शाह ने देहरादून में 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस में भारत की प्रगति के लिए देश की कानून व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा और सीमाओं की सुरक्षा को चाकचौबंद करने की जरूरत पर जोर दिया।
- टिहरी जिले के नरेन्द्र नगर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 24वीं बैठक समपन्न हुई।
- राज्यपाल ने कहा– भारत, दुनिया की सबसे बड़ी युवा शक्ति के बल पर वैश्विक महाशक्ति के रूप में आगे बढ़ रहा है।
- प्रदेश में राष्ट्रीय डाक सप्ताह के तहत भारतीय डाक सेवा की योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाई जाएगी।

अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि वर्ष 2047 तक भारत हर क्षेत्र में दुनियाभर में पहले स्थान पर होगा। वे देहरादून में आयोजित 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की प्रगति के लिए देश की कानून व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा और सीमाओं की सुरक्षा को चाकचौबंद करना होगा। श्री शाह ने कहा कि पुलिस कांग्रेस विज्ञान के माध्यम से यह संकल्प सिद्ध किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ साल में केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर, वामपंथी उग्रवादी क्षेत्र और पूर्वोत्तर में कानून व्यवस्था को बेहतर करने में महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। गृह मंत्री ने कहा कि धारा 370 के हटने से आज देश का हर नागिरक कह सकता है कि अब जम्मू कश्मीर देश का अभिन्न अंग बन गया है।

गृह मंत्री ने कहा कि वामपंथी क्षेत्रों में घटती हिंसा के कारण विकास में तेजी आई है।

मध्य क्षेत्रीय परिषद बैठक

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने टिहरी जिले के नरेन्द्र नगर में आज मध्य क्षेत्रीय परिषद की 24वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री शामिल हुए। साथ ही मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हिस्सा लिया। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद में शामिल राज्यों का देश की जीडीपी और विकास में बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि मध्य क्षेत्रीय परिषद में शामिल राज्य देश में कृषि, पशुपालन, अनाज उत्पादन, खनन, जलापूर्ति और पर्यटन का प्रमुख केन्द्र हैं और इन राज्यों के बिना जलापूर्ति की कल्पना भी नहीं की जा सकती। सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा सहकारी संघवाद की भावना को मजबूत करने पर बल दिया है। उन्होंने बताया कि किसानों को समृद्ध बनाने के संकल्प के तहत देशभर के किसानों का 100 प्रतिशत दलहन, तिलहन और मक्का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नाफेड द्वारा खरीदा जाएगा। स्कूली बच्चों की ड्रॉपआउट दर और कुपोषण जैसे मुद्दो को प्राथमिकता के साथ हल करने की जरूरत पर जोर देते हुए श्री शाह ने सभी सदस्य राज्यों को कुपोषण को दूर करने के लिए मिलकर काम करने को कहा। बैठक के दौरान हर गांव तक बैंकिग सुविधा पहुंचाने, देश में दो लाख नई प्राथमिक कृषि ऋण सोसायटी के गठन, रॉयल्टी और खनन संबंधित मुद्दों और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों में बुनियादी सुविधाओं के निर्माण जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

एशियाई खेल

चीन के हांगचोओ में हो रहे एशियाई खेलों में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। एशियाई खेलों में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 105 पदक हासिल कर लिये हैं। भारत 28 स्वर्ण, 36 रजत और 41 कांस्य सहित कुल 105 पदक जीतकर चौथे स्थान पर है। एशियाई खेलों में भारत का अब तक यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एशियाई खेलों मे भारतीय एथलीटों के शानदार प्रर्दशन के लिये उन्हे बधाई दी है।

चारधाम श्रद्धालुओं दर्शन

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि चारधाम में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या इस साल 60 लाख पार कर सकती है । उन्होंने कहा कि मानसून समाप्त होने के बाद एक बार फिर से चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सतपाल महाराज ने कहा कि अभी तक हेमकुंड सहित चारधाम आने वाले तीर्थयात्रियों का आंकड़ा 47 लाख से ऊपर पहुंच गया है। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा निर्बाध रूप से जारी है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिए उत्तराखंड आ रहे हैं।

दुर्घटना

चमोली जिले में आज दो अलग—अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मृत्यु हो गई। जोशीमठ विकासखण्ड के उर्गम घाटी के उर्गम भर्की मोटर मार्ग पर एक वाहन के अनियंत्रित होकर खाई में गिरने से उसमें सवार एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गये हैं। वहीं, बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर चमोली से आगे क्षेत्रपाल के पास एक कार के खाई में गिरने से उसमें सवार वाहन चालक की मृत्यु हो गई।

संबोधन

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने कहा है कि देश की रक्षा चुनौतियां व्यापक, बहुआयामी और जटिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत, दुनिया की सबसे बड़ी युवा शक्ति के बल पर वैश्विक महाशक्ति के रूप में आगे बढ़ रहा है। वे आज अल्मोड़ा के सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, के एल.एस.एम कैम्पस पिथौरागढ़ द्वारा आयोजित ''21वीं सदी में भारत की रक्षा चुनौतियां'' विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमिनार के उद्घाटन सत्र को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि आज देश आत्मनिर्भर, विकसित और विश्व गुरु भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश उभरती प्रौद्योगिकी, नवाचार, जलवायु परिवर्तन में नेतृत्व और आर्थिक विकास के मोर्चे पर लगातार प्रगति कर रहा है। सीमा संबंधी विवाद को रक्षा के लिये बडी चुनौती बताते हुये राज्यपाल ने कहा कि कुशल नेतृत्व से आतंकवाद को पूरी तरह से समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा भी एक बहुत बड़ी रक्षा चुनौती है और प्रौद्योगिकी और इंटरनेट पर बढ़ती निर्भरता हमारी सुरक्षा रणनीति का अहम हिस्सा है। राज्यपाल ने आंतरिक सुरक्षा को भी देश के लिये एक बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि दो दिवसीय इस सेमिनार में जो निष्कर्ष निकलेगा वह हमारी रक्षा चुनौतियों से निपटने के समाधान लेकर आएगा।

## राष्ट्रीय डाक सप्ताह

उत्तराखण्ड डाक परिमंडल नौ अक्टूबर को डाक दिवस के साथ ही 13 अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाएगा। इसके तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से भारतीय डाक सेवा की योजनाओं की जानकारी आम लोगों को दी जाएगी। राष्ट्रीय डाक सप्ताह के तहत 10 अक्टूबर को वित्तीय सशक्तिकरण दिवस मनाया जाएगा, जिसमें मंडल स्तर पर डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम डाक चौपाल का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान केन्द्र व राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर डाक मेले का आयोजन करेंगे, जिसमें लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। 11 अक्टूबर को फिलेटली दिवस के दौरान डाक टिकट की जानकारी और इसके प्रति रूझान बढाने के लिये डाक टिकटों की प्रर्दशनी का आयोजन किया जायेगा। वही, 12 अक्टूबर को मेल एवं पार्सल दिवस के दौरान थोक ग्राहकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को समझने, नये ग्राहको को विभाग से जोडने और ई–मेल संबधित जानकारी साझा की जायेगी।

## गढ़भोज

प्रदेश के विभिन्न स्कूलों, महाविद्यालयों और सरकारी विभागों में आज गढ़भोज दिवस का आयोजन किया गया। चमोली जिले के गोपेश्वर और कर्णप्रयाग महाविद्यालय में आज गढ़भोज के मौके पर छात्रों को लाल भात, मंडुए की रोटी, राई की सब्जी, झंगोरे की खीर, चौंसा और काफली व अन्य स्थानीय व्यंजन बनाकर परोसे गए। गोपेश्वर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर कुलदीप सिंह नेगी ने कहा कि गढ़भोज दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य स्थानीय और जैविक उत्पादों के प्रति लोगों में जागृति और विश्वास पैदा करना है। वहीं, पौड़ी जिले के राजकीय महाविद्यालय चौबट्टाखाल में गढभोज दिवस के मौके पर छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## वैश्विक निवेशक सम्मेलन

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) से सिडकुल के प्रबंध निदेशक रोहित मीणा ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को दिसम्बर में आयोजित होने वाले उत्तराखण्ड वैश्विक निवेशक सम्मेलन के संबंध में जानकारी दी। प्रबंध निदेशक ने बताया कि आठ और नौ दिसम्बर को देहरादून में आयोजित होने वाले सम्मेलन में अभी तक लगभग 40 हजार करोड़ रुपए के समझौता ज्ञापन विभिन्न कंपनियों के साथ किए गए हैं। श्री मीणा ने बताया कि राज्य सरकार नवम्बर में चेन्नई, बैंगलुरू, हैदराबाद, अहमदाबाद और मुंबई में भी रोड़ शो करेगी। राज्यपाल ने कहा कि वैश्विक निवेशक सम्मेलन से प्रदेश में निवेश और उद्योगों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन के जरिये उत्तराखण्ड की अर्थव्यवस्था को नया प्रोत्साहन मिलना तय है। राज्यपाल ने कहा कि इस सम्मेलन को हमारे वार्षिक कैलेंडर का हिस्सा बनाने की जरूरत है।

## वन्यजीव सुरक्षा सप्ताह

पौड़ी में वन्यजीव सुरक्षा सप्ताह के तहत वन विभाग ने थीम पार्क कण्डोलिया में स्कूली बच्चों के साथ वन्य जीवों की सुरक्षा, संरक्षण को लेकर संवाद किया। इस दौरान विद्यालयों में पेंटिंग, भाषण व अन्य प्रतियोगिता आयोजित की गई और जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में गढ़वाल क्षेत्र के वन संरक्षक पंकज कुमार ने कहा कि वन्य जीवों की सुरक्षा जैव विविधता को बढ़ाती है और प्रकृति के संरक्षण में भी इसका महत्वपूर्ण योगदान होता है।